सं0सं0–17/विविध 1–108/2012 - 418 (17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद ओझा,
सरकार के अपर सचिव

सेवा में,

डा0 सागर रजक,
सह–प्राध्यापक, औषधि विभाग,
अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय, गया।

पटना, दिनांक– 21/3/13

विषय :– उपस्थिति पंजी में छेड़–छाड़ करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र दिनांक–23.01.2013 के प्रसंग में कहना है कि उक्त पत्र द्वारा आपने सूचित किया है कि औषधि विभाग, अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय, गया में कई चिकित्सा पदाधिकारी सप्ताह में एक या दो दिन बाहर से आकर कार्य करते हैं, परंतु उक्त चिकित्सकों का नाम आपके द्वारा उक्त पत्र में अंकित नहीं किया गया है।

निदेशानुसार आपसे आग्रह है कि कृपया उन चिकित्सा पदाधिकारी का नाम प्रेषित करने की कृपा करें, कि जो औषधि विभाग, अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय, गया में सप्ताह में एक या दो दिन बाहर से आकर कार्य करते हैं।

कृपया वांछित सूचना एक सप्ताह के अन्दर संसूचित करने की कृपा करें।

विश्वासभाजन

(राजेन्द्र प्रसाद ओझा)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– 418 (17) पटना, दिनांक– 21/3/13

प्रतिलिपि :– सभी प्राचार्य, चिकित्सा महाविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उन्हें पूर्व में निदेश दिया गया था कि सभी चिकित्सकों के मुख्यालय का आवासीय पता देने पर हीं उनके वेतन की निकासी होगी। इस निदेश का दृढ़ता से पालन किया जाय।

आपको पुनः निदेश दिया जाता है कि चिकित्सा महाविद्यालय में पदस्थापित सभी चिकित्सकों के आवासीय पता को महाविद्यालय के बेबसाईट पर अपलोड करें।

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

D/Sushil sir/ letter